Title: Need to take over the Irrigation Research Institute at Haridwar, Uttaranchal by the Central Government.

श्री राजेन्द्र कुमार (हरिद्वार) : मेरे संसदीय क्षेत्र हरिद्वार में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सिंचाई अनुसंधान संस्थान है, जिसका उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 1954 से (उत्तरांचल गठन से पूर्व) सुचारु रूप से संचालन किया जा रहा है। परन्तु उत्तरांचल शासन द्वारा इस संस्थान का स्वरूप बदलकर स्वायत्तशासी संस्था बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

महोदय, सिंचाई अनुसंधान संस्थान तथा इसके साथ फील्ड रिसर्च स्टेशन, बहाराबाद में कार्यरत विभिन्न संवर्गों के लगभग 500 कर्मचारी इस संस्थान को स्वायत्तशासी संस्थान बनाए जाने के विरोध में लगातार आंदोलन कर रहे हैं, जो उनकी मांग जनहित में सही है। जबकि हरिद्वार जनपद को उत्तर प्रदेश राज्य में लाए जाने हेतु याचिका न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस संस्थान को स्वायत्तशासी संस्थान बनाकर इसका स्वरूप किसी भी दशा में न बदला जाए, अपितु राष्ट्रीय एवम् अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त इस संस्थान को केन्द्र सरकार अपने नियंत्रण में लेने संबंधी संस्तुति करे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Rajesh Kumar Manjhi -- absent

Shri Lalmani Prasad -- absent

Shri Anandrao V. Adsul -- absent

Shri Sugrib Singh -- absent

Shri Shriniwas Patil -- absent

Shri Ramdas Bandu Athawale -- absent.